स्मार्ट मीटर जागरूकता सप्ताह

चर्चा में क्यों?

1 सितंबर, 2021 को **हरियाणा बिजली वितरण निगम** द्वारा **स्मार्ट मीटर** और **इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने** के उद्देश्य से **स्मार्ट मीटर जागरूकता सप्ताह** शुरू किया गया, जो 7 सितंबर, 2021 तक चलेगा।

प्रमुख बिंदु

- **स्मार्ट मीटर ऑपरेशन सेंटर** और **स्मार्ट मीटर अवेयरनेस वीक** कार्यक्रम की शुरुआत निगम के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्युत पी.के. दास द्वारा की गई।
- दास ने कहा कि स्मार्ट मीटर ऑपरेशन सेंटर की स्थापना निगम की बड़ी उपलब्धि है। यह भविष्य में स्मार्ट मीटर से संबंधित सभी गतिविधियों के लिये नियंत्रण कक्ष के रूप में कार्य करेगा।
- उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट मीटर कार्यक्रम के सुचारु कामकाज को बनाए रखने, सिस्टम प्रबंधन में सुधार और डिस्कॉम एवं उपभोक्ताओं के लिये स्मार्ट मीटरिंग संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इससे स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम में पारदर्शिता आएगी और रियल टाइम मॉनिटरिंग में सुविधा होगी।
- स्मार्ट मीटर योजना के तहत उपभोक्ता वास्तविक बिजली खपत पर नज़र रख सकेंगे और ज़रूरत के मुताबिक बिजली मीटर को रिचार्ज कर सकेंगे। इसके अलावा उपभोक्ता को प्रीपेड कनेक्शन लेने के लिये किसी भी तरह की सुरक्षा जमा नहीं करनी होगी।
- उपभोक्ताओं को एसओपी के अनुसार मौजूदा बिल पर 5 फीसदी की छूट मिलेगी और मीटर रीडिंग की परेशानी भी खत्म हो जाएगी। इसके अलावा, उपभोक्ता यूएचबीवीएन स्मार्ट मीटर डाउनलोड करके मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने खाते की शेष राशि की जाँच कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि **उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन)** द्वारा उपभोक्ताओं को डिजिटल माध्यम से बिजली उपलब्ध करने के उद्देश्य से स्मार्ट मीटर लगाने की योजना 11 जुलाई, 2018 को **ईईएसएल** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके शुरू की गई थी। योजना के प्रथम चरण में स्मार्ट मीटर लगाने के लिये पंचकूला, करनाल और पानीपत शहरों को चिह्नित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-meter-awareness-week